राहुल गांधी और खड़गे का भाषण ओ.बी.सी. एस.सी-एस.टी और माइनॉरिटी पर केंद्रित रहा

ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे दोनों नेताओं का वोट बटोरने के लिए चुनावी नारा है, 'सिर्फ जाति की बात करो'

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । कांग्रेस ने राजस्थान में शनिवार को अपना चुनावी अभियान तो शुरू कर दिया लेकिन नेताओं के भाषण से लेकर व्यवस्थाओं तक बहुत सारी कमी खामियां नजर आई। यह भी नजर आया कि नेताओं में आपसी तारतम्य अभी भी नहीं है। जहां तक उम्मीद थी कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और सांसद राहुल गांधी, राजस्थान कांग्रेस को चुनावी रणनीति के तहत कुछ नया मंत्र देकर जाएंगे, लेकिन दोनों नेताओं ने अपना भाषण ओबीसी, एससी-एसटी और माइनॉरिटी को लेकर केंद्रित रखा और एक तरह से संदेश दिया कि कांग्रेस इन्हीं जातियों को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहती है।

वैसे तो कांग्रेस राजस्थान में सरकार रिपीट करने की बात बार-बार कर रही है, लेकिन राजधानी जयपुर में हुई सभा के दौरान जिस तरह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के भाषण से पहले ही सभी लोग उठकर चले गए और खडगे खाली कुर्सियों के सामने भाषण देते रहे। उसके उससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उसे तरह का जोश नजर नहीं आ रहा,जिस तरह के दावे कांग्रेस के नेता करते है। खडगे का भाषण सुनने के लिए 5-7 हजार लोग ही मुश्किल से रुके।

प्रदेश कांग्रेस के नए मुख्यालय का शिलान्यास करने के बाद आयोजित सभा में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वे इंडिया का नाम भारत करना चाहते थे, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन इसे रोकर महिला आरक्षण बिल ले आए। उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया। हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो, लेकिन भाजपा 10 साल बाद इसे लागू करना चाहती है। मोदी, ओबीसी को भागीदारी देना चाहते हैं, लेकिन जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे हैं? वे अडाणी से भी डरते हैं। बीजेपी वाले वोट मांगने आएं तो उनसे पूछना कि जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवा रहे हो?



राजधानी जयपुर में प्रदेश कांग्रेस के नए मुख्यालय का शिलान्यास करने के बाद आयोजित सभा में सांसद राहुल गांधी कई राजनैतिक मुद्दों और राजस्थान की स्थिति पर पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, के.सी.वेणुगोपाल और पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा से चर्चा करते नजर आए। फोटो-राष्ट्रदूत

- **राहुल गांधी ने कहा, ''हिंदुस्तान में हर वर्ग को सही प्रतिनिधित्व देने के लिए जातिगत जनगणना जरूरी''**
- **खडगे ने कहा, ''बीजेपी फिर से सत्ता में आयी तो मनु के दिन आएंगे और आप फिर से गुलाम बन जाएंगे''**
- **राजस्थान के नेताओं के दावे सरकार रिपीट करने के हैं, लेकिन खडगे का भाषण सुनने के लिए सभा में पांच-सात हजार लोग ही बमुश्किल से रुके**

राहुल बोले कि महिला आरक्षण बिल का पूरे विपक्ष ने समर्थन किया। भाजपा चाहती है कि महिला आरक्षण 10 साल में लागू हो, जबकि हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो। इसी के साथ राहुल ने कहा कि मैंने रिसर्च की तो पता चला कि हमारी संस्थाओं में ओबीसी, दलित, आदिवासी वर्ग की क्या भागीदारी है? आज के हिंदुस्तान को 90 लोग चलाते हैं। आज के हिंदुस्तान को प्रधानमंत्री 90 अफसरों के साथ चलाते हैं। वे हर मंत्रालय के सचिव हैं। प्रधानमंत्री ओबीसी की बात करते हैं, लेकिन इन 90 अफसरों में सिर्फ 3 ओबीसी हैं। उनके पास हिंदुस्तान का सिर्फ 5 प्रतिशत बजट है।

राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान में हर वर्ग को सही प्रतिनिधित्व देने के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है। इस जनगणना से पता चल जाएगा कि हिंदुस्तान में किस वर्ग के कितने लोग हैं। हम ओबीसी को भागीदारी देने की बात करते हैं, लेकिन जब तक ओबीसी कितने हैं, यह पता नहीं लगेगा तो कैसे काम होगा? प्रधानमंत्री जातिगत जनगणना से क्यों डरते हैं? हमने ये जनगणना करवाई थी, आंकड़े आपके पास है, उन्हें सामने लाइए।

राजस्थान में खोले गए अंग्रेजी स्कूलों पर सरकार की पीठ थपथपाते हुए राहुल ने कहा कि पिछले दिनों बीजेपी के नेता अंग्रेजी के खिलाफ भाषण दे रहे थे। मैंने उनसे पूछा कि आपके बच्चे कहां पढ़ते हैं? उनके बच्चे अंग्रेजी मीडियम में पढ़ते हैं। बीजेपी नेता चाहते हैं कि उनके बच्चे अंग्रेजी में पढ़े और गरीब का बच्चा अंग्रेजी न सीखे। ये दो हिंदुस्तान बनाना चाहते हैं।

चुनाव से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए राहुल गांधी ने कहा कि जंगल में शेर देखने के लिए कई घंटों की मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन मेरे सामने हजारों बब्बर शेर बैठे हुए हैं। राजस्थान में सरकार ने चिंरजीवी योजना जैसी हेल्थ स्कीम दी है। मात्र 500 रुपए में एलपीजी गैस सिलेंडर दिया है। यह सभी काम कार्यकर्ता जनता को जाकर बताएं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि चुनाव में भाजपा हमारे खिलाफ एक नहीं दो-तीन कैंडिडेट खड़ा करती है। एक तो भाजपा का प्रत्याशी होता है, एक ईडी होती है और एक सीबीआई या अन्य एजेंसी होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष सत्र संसद की नई बिल्डिंग दिखाने के लिए बुलाया था। उन्होंने बड़े कार्यकर्ताओं, फिल्म अभिनेता-अभिनेत्रियों को बुलाया। यह संसद चर्चा करने की जगह है, एग्जीबिशन करने की जगह नहीं है। खडगे ने कहा कि महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लाई थी। उस समय इन्हीं लोगों ने इसका विरोध किया था, जो अभी सरकार में हैं। ये लोग बहुत सयाने हैं। बीजेपी फिर से सत्ता में आ गई तो मनु के दिन आएंगे और आप फिर से गुलाम बन जाएंगे। आप फिर से गुलाम होना चाहते हैं क्या ?

खडगे ने भाषण के दौरान नारे लगाने वाले कार्यकर्ताओं को डांट दिया और चुप रहने की हिदायत देते हुए कहा कि देखते हैं, तुम्हारे बूथ पर कैसा परफॉर्मेंस रहता है। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पहली बार सरकार विरोधी कोई लहर नहीं है। सरकार का काम शानदार है। फासिस्ट ताकतें चाहे कितना ही जोर लगा लें, लेकिन कामयाब नहीं होंगे। किसी कीमत पर हमारी सरकार रिपीट हो नेता और कार्यकर्ता यह संदेश लेकर जाएं। फासिस्ट ताकतें देश के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का नया भवन बनना गर्व की बात है। देश के सामने चुनौतियां है, इसका अहसास हम सबको है। राहुल गांधी की यात्रा का मकसद अहिंसा का संदेश था। दो अक्टूबर को जयपुर में हम मौन जुलूस निकालेंगे।

कांग्रेस कार्य समिति सदस्य सचिन पायलट ने कहा कि आज यह हम सब का सौभाग्य है कि कांग्रेस अध्यक्ष खडगे और राहुल गांधी ने कांग्रेस के नए मुख्यालय का शिलान्यास किया है और जब यह भवन बनकर खड़ा होगा, तब तक राजस्थान में एक बार फिर हमारी सरकार होगी। वहीं 2024 में इंडिया गठबंधन पूरे देश में जीत दर्ज करेगा। पायलट ने कहा कि कांग्रेस की सरकार सिर्फ राजस्थान में नहीं बल्कि तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी बनेगी।

'गहलोत सरकार की विदाई का वक्त आ गया'

सांभरझील, (निसं)। नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार खुद अपने कर्मों से ही समाप्त हो जाएगी। गहलोत सरकार प्रदेश की जनता को झूंठी गारंटी देकर मूर्ख बना रही है। मैं जब अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जाता हूं तो मुझे लोग कहते हैं कि हम खुद आपको गहलोत सरकार को हटाने की गारंटी देते हैं, इससे साफ पता चलता है कि प्रदेश की जनता विगत सालों में सरकार के भ्रष्टाचार व उनके घोटालों से त्रस्त हो चुकी है।

राठौड़ शनिवार की शाम करीब 5 बजे पृथ्वीराज सर्किल के नजदीक एक गार्डन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए आगामी 25 सितंबर को भाजपा की परिवर्तन यात्रा में अधिक से अधिक लोगों को जयपुर लेकर पहुंचने के मंडल पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों, शक्ति बूथ के कार्यकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए। सभी पदाधिकारी अधिक से अधिक बसों और जीपों की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि परिवर्तन यात्रा को सफल बनाया जा सके। राठौड़ ने महिलाओं से भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने महिला वंदन अधिनियम लाकर आपको और शक्ति प्रदान की है जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलने वाला है, इसलिए आप भी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार प्रविर्तन यात्रा को सफल बनाने में अपना पूरा जोर लगा दें। उन्होंने विधायक निर्मल कुमावत, जिला देहात के पूर्व अध्यक्ष दीनदयाल कुमावत को भी परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए राजनीति के गुर बताए।

चिकित्सा शिविर

शाहपुरा, (निसं)। देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शाहपुरा के ग्राम रामपुरा निवासी कोबरा बटालियन के शौर्य पदक से सम्मानित शहीद मुकेश कुमार बुनकर की 11वीं पुण्यतिथि पर रविवार को रामपुरा स्थित शहीद स्मारक पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, श्रद्धांजलि कार्यक्रम, वृक्षारोपण व शहीद परिजन सम्मान जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।

आम सूचना दिनाक: 23.09.2023

अरिहन्त माइक्रो फाइनेंस पंजीकृत कार्यालय 45/148 किरण पथ, मानसरोवर में स्थित है जो कि ग्राहकों को लोन देने का व्यवसाय करती है। कम्पनी द्वारा नौकरी पर रखने एवं लोन देने की एवज में किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली जाती है। अगर कोई व्यक्ति अरिहन्त माइक्रो फाइनेंस में नौकरी देने एवं लोन दिलाने की एवज़ में राशि मांगते हैं तो कृपया ऐसे लोगों से सावधान रहें एवं कम्पनी के मोबाईल नं. 8696202060 पर सूचित करें। वास्ते-अरिहन्त माइक्रो फाईनेंस

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती कमल कुमारी पत्नी स्व. श्री ठा. नारायण सिंह जी साहब, जाति राजपूत आयु लगभग 94 वर्ष निवासी डिग्गी हाउस शिवाजी मार्ग सी-स्कीम, जयपुर द्वारा अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बाबत स्वेच्छा से अपने परिवारजन में अपने पुत्र श्री रामप्रताप सिंह पुत्रवधु श्रीमती ज्योतिका कुमारी, पौत्र रूद्रप्रताप सिंह व राघवप्रताप सिंह, दोहिता शक्ति सिंह के हक में रजिस्टर्ड वसीयत दिनांकित 30.03.2018 निष्पादित की गई थी जिसके अग्रसर में मेरी अभिभाष्या द्वारा एक ओर नई रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 18.03.2023 को पुत्रवधु श्रीमती ज्योतिका कुमारी के हक में निष्पादित कर चुकी है। उपरोक्त दोनों ही वसीयत दिनांक 30.03.2018 एवं 18.03.2023 के सम्बन्ध में मेरी अभिभाष्या की वफात के पश्चात किसी को भी कोई आपत्ति व उज्र करने का अधिकार नहीं होगा, ना ही उज्र माना जायेगा।

(मकबूल हुसैन) एडवोकेट, मो. 9828071475

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त- तृतीय
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर- 0141-4901853

आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट संख्या-10/973 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 73.650 वर्ग मीटर का नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 775 दिनांक 06.05.2002 श्री हनुमान सिंह पुत्र स्व. श्री चन्दर सिंह के पक्ष में किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर अष्टम में दिनांक 06.01.2012 को करवाया गया। श्री हनुमान सिंह यादव की मृत्यु दिनांक 22.08.2023 को हो जाने के कारण श्रीमती तृप्ति यादव पत्नी श्री ललित यादव के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती तृप्ति यादव पत्नी श्री ललित यादव के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबन्धक वृत्त- तृतीय रा. आ. मण्डल, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक :- 7826 दिनांक 23.08.2023

जाहिर आम-सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 62/118 (MIG-B) का आवंटन श्री गिरीश कुमार गुप्ता पुत्र श्री के.एम. गुप्ता को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 3898 दिनांक 26.05.1994 को जारी किया गया था। श्री गिरीश कुमार गुप्ता की मृत्यु दिनांक 12.12.1999 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती ऊषा गुप्ता पत्नी स्व. श्री गिरीश कुमार गुप्ता द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती ऊषा गुप्ता पत्नी स्व. श्री गिरीश कुमार गुप्ता का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

भवदीय- सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

बीबीरानी में पहुंची भीड़ से रामहेत का कद बढ़ा

किशनगढ़ बास, (निसं)। खैरथल तिजारा जिले की तीन विधानसभाओं में पहुंची भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा में जगह-जगह पर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया।

किशनगढ़ बास तिजारा और मुंडावर विधानसभा सीट पर टिकट की दौड़ में लगे नेताओं ने प्रदेश और केंद्र से पहुंचे नेताओं के सामने हजारों की भीड़ को जुटाकर अपनी-अपनी ताकत दिखाई। पार्टी किसको कमल का फूल देकर मैदान में उतारती है यह तो सामने आने पर ही पता चल सकेगा। लेकिन फिलहाल भीड़ जुटाने में सफल रहे नेता टिकट को लेकर उत्साहित हैं। बीबीरानी में पहुंची भीड़ को देखकर पूर्व विधायक रामहेत यादव के समर्थकों का दावा है की अलवर जिले की 11 विधानसभाओं में और राजस्थान की पांच सभाओं में सर्वाधिक भीड़ वाली एक विशाल सभा बीबीरानी की रही है। इससे भी पूर्व विधायक यादव उत्साहित है। परिवर्तन संकल्प यात्रा में साथ आए गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, राजस्थान प्रदेश के नेता सतीश पूनिया, राजेंद्र सिंह राठौड़, सांसद सी आर चौधरी, सांसद महंत योगी बालक नाथ सहित अलवर जिले से पहुंचे भाजपा के नेता पूर्व विधायक पूर्व मंत्री की ऐतिहासिक भीड़ को लेकर चर्चा करते देखे गए तो वहीं गोवा के मुख्यमंत्री ने विशाल जनसभा के लिए पूर्व विधायक यादव को बधाई दी।

'प्रधानमंत्री की 25 सितंबर को होने वाली जनसभा को लेकर आमजन में भारी उत्साह'

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी ने दी राहुल गांधी को चुनौती ''जनता के सामने आकर जनहित मुद्दों और विकास कार्यों पर बहस करें''**
- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विजन 2030 के लिए सुझाव मांग रहे है, जनता का सुझाव आप घर बैठें, विकास के लिए राजस्थान पीएम मोदी के हवाले कर दें : सी.पी.जोशी**

जयपुर (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू होकर भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा की जानकारी दी। जोशी ने कहा कि इन यात्राओं का समापन 25 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जयपुर जिले के वाटिका के निकट दादिया गांव में होने वाली जन सभा मे होगा। यह यात्रा प्रदेश के 200 विधानसभाओं में 8863 किलोमीटर चली। यह यात्रा त्रिनेत्र गणेश, बेणेश्वर धाम, रामदेवरा और गोगामेड़ी के चार प्रमुख श्रद्धा स्थलों से प्रारंभ की गई परिवर्तन संकल्प यात्रा जिसे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के सानिध्य में प्रारंभ किया था। वह पूरे प्रदेश की विधानसभाओं में सफलतापूर्वक चलते हुए जन.जन की यात्रा बन गई। जिस तरह से लोगों का उत्साह, समर्थन इस यात्रा को मिला है। इस यात्रा के स्वागत कार्यक्रम में भी लोगों का अभूतपूर्व और अद्वितीय समर्थन मिला। यह परिवर्तन यात्रा प्रदेश की अयोग्य सरकार को हमेशा के लिए विदाई देने का ठोस कारण बनेगी।

राहुल गांधी द्वारा भाजपा नेताओं पर की गई टिप्पणी के आरोप में पलटवार करते हुए कहा कि एक किसान परिवार में जन्मा साधारण कार्यकर्ता होने के नाते मैं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी को चैलेंज करता हूं कि जनता के मध्य उपस्थित होकर जनहित मुद्दों और विकास कार्यों पर अपनी बात रखें। केंद्र की मोदी सरकार ने 9 वर्षों में जो कर दिखाया है, कांग्रेस 60 वर्ष में नहीं कर पाई। इस विषय पर मैं उनसे बहस करने को तैयार हूं। सभाओं में केवल कागज़ पर लिखा हुआ पढ़ लेने से तथ्य सत्य नहीं हो जाते। आज राहुल गांधी की सभा से पहले मेरे पास किसी कांग्रेसी नेता का फोन आया कि आज यह पक्का कांग्रेस पार्टी का कोई ना कोई भट्टा बिठाकर जाएंगे।

सी.पी.जोशी ने कहा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जो आरोप लगाए हैं, वह बिल्कुल निराधार हैं। आज केंद्र सरकार में ओबीसी के 27 मंत्री हैं, स्वयं प्रधानमंत्री ओबीसी समुदाय से आते हैं। नारी शक्ति वंदन बिल दोनों सदनों में आसानी से पारित होने का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। महिला आरक्षण, और ओबीसी समुदाय को लेकर तथ्यहीन व भ्रामक बातें कही है, कांग्रेस ने देश में 60 साल से ज्यादा समय तक शासन किया तब क्यों नहीं याद आया।

उन्होंने कहा कि, अच्छा होता राहुल गांधी अगर राजस्थान में बढ़ते महिला अपराधों और दुष्कर्म की घटनाओं पर बोलते। प्रदेश में जिस तरह कांग्रेस सरकार ने अपराधियों को संरक्षण दिया है उस पर भी बोलते तो लगता कि प्रदेश की जनता के बारे में सोचा है। लेकिन राहुल गांधी ने सिर्फ अपनी पार्टी के नेताओं के कारनामों पर पर्दा डालने का काम किया, लेकिन जनता अब सब समझ चुकी है, झांसे में आने वाली नहीं। राजस्थान के मुख्यमंत्री जगह-जगह होर्डिंग लगाए बैठे हैं और विजन 2030 के लिए सुझाव मांग रहे हैं। राजस्थान की जनता उनको सुझाव दे रही है कि आप घर बैठ जाइए, राजस्थान पीएम मोदी के हवाले कर दीजिए। विकास की दृष्टि से राजस्थान आगे पहुंच जाएगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने परिवर्तन संकल्प यात्राओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन यात्राओं को जिस तरह से जनता का समर्थन मिला है, वह दर्शाता है कि जनता अब इस अहंकारी, घमंडी, आताताई सरकार को उखाड़ कर फेंकने का मन बना चुकी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के भाषण के समय खाली कुर्सियों का नजारा कांग्रेस सरकार की विदाई का सबूत दे रही है।

खोया पाया

मेरे मकान 4/590 ग्राउन्ड फ्लोर जवाहर नगर जयपुर के मूल दस्तावेज आवंटन पत्र, डिक्लेरेशन जवाहर नगर जयपुर में कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें-अन्जू जायसवाल-9829068703

मेरे मकान संख्या 21/277 मानसरोवर, जयपुर का मूल अलॉटमेंट लेटर, पजेशन लेटर एवं Declaration Letter कहीं खो गए हैं, मिलने पर सूचित करें, अरविन्द कुमार जैन-9314067610

क्रिटीकल केयर फाउंडेशन ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन संख्या 196 जयपुर 2019 का ओरिजिनल सर्टिफिकेट कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें। 9829014237

मेरा प्लाट संख्या ए-74 सुदर्शन वाटिका-।। ए-ब्लॉक के मूल साईड प्लान, पट्टा, रसीद जो कि सूरजपोल गेट गृह विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा जारी किए गए, कहीं गुम हो गए, मिलने पर सूचित करें, रामकेश बैरवा-9928957470

भूखण्ड संख्या 37 पार्वती नगर विस्तार (भांकरोटा गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) के सोसाइटी द्वारा जारी साईट प्लान व रसीद कहीं खो गई है मिलने पर सूचित करें-प्रेम महावर 9256925469

प्लाट सं. 143-144 योजना प्रेम नगर-प्रथम गुर्जर की थडी जयपुर का मूल आवंटन पत्र साईट प्लान व इकरारनामा गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। देशराज-9414406293

नाम परिवर्तन

मैं, सुमन कुमारी W/o No. 15177855K हवलदार रवीन्द्र सिंह, यूनिट 632 SATA BTY C/O 56 APO. मेरे पति के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम सुमन कंवर है और जन्मतिथि 07.07.1989 गलत दर्ज है। सही नाम सुमन कुमारी और जन्मतिथि 07.07.1986 है। शपथ पत्र संख्या 2136 एवं 2135 दिनांक 01.09.2023

मैं Bhairu Ram Netwal पुत्र नारायण लाल नेटवाल निवासी सूजा का वास, चिरनोटीया जोबनेर, जिला जयपुर ग्रामीण, मेरा नाम स्कूल सम्बन्धित दस्तावेजों में Bhainru Ram Netwal तथा अन्य दस्तावेजों में Bhairu Ram Netwal है। मैंने अपना नाम भविष्य हेतु Bhainru Ram Netwal से Bhairu Ram Netwal रख लिया है।

I have Changed my Name from Mohammed Sulman to Mohd Suleman S/o Nafees Ahmed In future I will be known My New Name Mohd Suleman R/o 1990] Takiya Yakeen Shah, Balji Ki Kothi Ka Rasta, Topkhana Huzuri, Ghat Gate, Jaipur

I army no 15381605K Ex NK Gopal Singh Rawat S/O late ladu SINGH rawat R/O 98 A Jain vihar ajmer road keshopura heerapura jaipur have changed my wife/Son/daughters name From SONA RAWAT to SONA KANWAR RAWAT & Daughter KIRAN RAWAT To KIRAN KANWAR & PRIYA TO KHUSHI KANWAR and son TOOPHAN SINGH To KARAN SINGH vide affidavit dated 20 sept.2023 before district notary Jaipur

शौर्य बलिदान दिवस पर महासम्मेलन आयोजित

- **हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह के नाम पर फुलेरा में सर्किल का शुभारंभ**
- **रावणा राजपूत समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया**

फुलेरा, (निसं)। कस्बे की सांभर रोड पर शनिवार को प्रातः 11: 15 बजे अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान फुलेरा के तत्वावधान में हाइफा हीरो, शहीद मेजर दलपत सिंह शेखावत मिल्ट्री क्रॉस (देवली) के 105 वें शौर्य बलिदान दिवस पर महासम्मेलन का आयोजन गिरधारी सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्षा संगीता अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीनदयाल कुमावत, हनुमान सिंह परिहार, रामपाल सिंह, बद्री सिंह जादव, महेश सिंह बडगुर्जर, मनोहर सिंह राजावत, मानसिंह किलनोत रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगन्तुक अतिथियों ने हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया।

तत्पश्चात क्षेत्र और आस पास के अंचल की रावणा राजपूत समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जो कि माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षा 2023 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कये है। वहीं समाज के 75 वर्ष से अधिक वरिष्ठ जनों, राजकीय सेवा में चयनित समाज बंधुओ, बहिनों और तहसील क्षेत्र में सर्व समाज के शहीद परिवारों का सम्मान किया गया।

इसके साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत आगुंतक अतिथियों और सामाजिक लोगों द्वारा सांभर बाईपास पर शहीद मेजर दलपत सिंह शेखावत के सर्किल नामकरण का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता दीनदयाल कुमावत ने कहा की 23 सितम्बर 1918 का वह दिन इजरायल के लिए सबसे खास और यादगार दिन था। यह प्रथम विश्व युद्ध का वह समय था। जब भारतीय जवानों ने तुर्की सेना के खिलाफ जंग लड़ते हुए इजरायल के हाइफा शहर को आजाद कराया था। तब से ही इजरायल भारतीय सैनिकों की वीरता का लोहा मानता है और उनकी याद में हर वर्ष हाइफा दिवस मनाता है। मेजर शेखावत के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके पदचिन्हों पर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि संगीता अग्रवाल ने कहा कि मेजर दलपत सिंह ने भारत भूमि में जन्म लेकर दुनिया भर में भारत का मान बढ़ाया है। समाज के भामाशाहों ने कहा कि सर्किल के निर्माण और मूर्ति स्थापना के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कलेक्टर-एसपी ने चैक पोस्टों का निरीक्षण किया

कोटपूतली, (निसं)। विधानसभा चुनाव 2023 को मध्यनजर रखते हुए जिला प्रशासन भी अपनी तैयारियों को दुरूस्त करने में जुट गया है। बता दें कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले की सीमायें हरियाणा राज्य से भी लगती है। ऐसे में चुनावी तैयारियों को लेकर विशेष मॉनीटरिंग की आवश्यकता है।

इसी क्रम में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी व एसपी डॉ. रंजीता शर्मा ने हरियाणा से लगने वाली अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर स्थापित की गई चैक पोस्टों का शनिवार को निरीक्षण किया। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर व एसपी ने नवगठित जिले में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए हरियाणा से लगती बहरोड़ सर्किल की सीमा पर एएसपी नीमराणा के साथ निरीक्षण किया। साथ ही आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के आवागमन पर निगरानी रखने हेतु पुलिस थाना शाहंजहांपुर की खण्डोडा, नीमराणा क्षेत्र की माजरी, माण्डन थाना क्षेत्र की कान्हावास बैरीयर, बहरोड़ सदर की भगवाड़ी कलां आदि चैक पोस्टों का निरीक्षण कर सम्बंधित एसएचओ को चैक पोस्टों पर सीसीटीवी कैमरे व पर्याप्त मात्रा में पुलिस जाप्ता लगाने के साथ-साथ चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



राज्यपाल कलराज मिश्र से शनिवार को राजभवन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुलाकात की। इस दौरान कलराज मिश्र ने उन्हें अपनी पुस्तक ''शिक्षा की संस्कृति'' और 4 वर्षों के कार्यकाल पर प्रकाशित पुस्तक ''संविधान संस्कृति की उज्ज्वल राहें'' की प्रति भेंट की।

युवती के अपहरण से हड़कंप

जयपुर । राजधानी के करधनी इलाक में शनिवार रात को एक युवती के अपहरण की घटना से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी करवाकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। हालांकि देर रात तक बदमाश पकड़ में नहीं आए। एसीपी झोटवाड़ा सुरेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे कालवाड़ रोड पर स्थित मंगलसिटी में युवती का स्कोपियो कार में डालकर कुछ लोग अपहरण कर ले जाने की सूचना मिली थी। इस पर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि एसएचओ के नेतृत्व में अपहरणकर्ताओं की बताई गई गाड़ी की तलाश की जा रही है। रैनवाल में भी बदमाशों की गाड़ी की तलाश की जा रही है।

'प्रदेश का इतिहास वैदिक व हड़प्पा संस्कृति से जुड़ा'

जयपुर । भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय महामंत्री राजू बिस्ता, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अंकित चेची, भाजयुमो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी नेहा जोशी और अन्य की उपस्थिति में राजस्थान भाजयुमो राज्य नेताओं के साथ भाजयुमो राष्ट्रीय टीम के सदस्यों की बैठक की। सांसद राजू बिस्ता ने कहा राजस्थान एक गौरवशाली राज्य है जिसका इतिहास वैदिक और हड़प्पा संस्कृति से जुड़ा है। उन बहादुरों का घर जिनके बलिदानों ने भारत को एक महान राष्ट्र बनाने में बहुत बड़ा योगदान दिया है। राजस्थान यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान का भी घर है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खेद है कि आज राजस्थान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नक्शेकदम पर चल रहा है। राज्य आज महिलाओं के खिलाफ अपराध, युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, अराजकता और लगभग हर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर घोटाले का पर्याय बन गया है। कांग्रेस के तहत, आबादी के एक विशेष वर्ग के तुष्टिकरण को बाकी सभी के मुकाबले प्राथमिकता दी गई है। युवा निराश हैं और बेहतर रोजगार और आजीविका के अवसरों की तलाश में राज्य से बाहर पलायन करने को मजबूर हैं।

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, नरायना

क्रमांक-118 **लोक सूचना** दिनांक-10.08.2023

श्री बजरंग लाल पुत्र श्री पूरण मल, जाति रैगर, निवासी पीथ्यावास, तहसील फुलेरा जिला जयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि के अनुसार भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

ग्राम, जिले, तहसील का नाम	खसरे व क्षेत्रफल	चाहा गया उपयोग
ग्राम नरायना, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर	खसरा सं. 6021/5827 रकबा 0.1265 हैक्टेयर सम्पूर्ण भूमि	आवासीय

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 10.08.2023 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, नरायना

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय, नगर पालिका मण्डल, नरायना

क्रमांक-121 **लोक सूचना** दिनांक-10.08.2023

श्रीमती मीरा देवी पत्नि श्री बजरंग लाल, जाति रैगर, निवासी पीथ्यावास, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि के अनुसार भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

ग्राम, जिले, तहसील का नाम	खसरे व क्षेत्रफल	चाहा गया उपयोग
ग्राम नरायना, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर	खसरा सं. 6022/5827 रकबा 0.2402 हैक्टेयर सम्पूर्ण भूमि	आवासीय

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक 10.08.2023 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर पालिका मण्डल, नरायना